# विद्या भारती

## संकुल संवाद

जून 2026

"सा विद्या या विमुक्तये"

ज्येष्ठ-आषाढ़ / विक्रम संवत 2083

## श्री मोहन नागर को 'पद्मश्री 2026' सम्मान






गंगावतरण अभियान एवं समाज सेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट, प्रेरणादायी एवं अनुकरणीय योगदान के लिए श्री मोहन नागर को भारत सरकार द्वारा 'पद्मश्री 2026' से सम्मानित किया गया। श्री मोहन नागर विद्या भारती मध्यभारत प्रांत के प्रतिष्ठित संस्थान भारत भारती आवासीय विद्यालय, बैतूल (मध्य प्रदेश) के प्रबंधक रहे हैं तथा विद्या भारती जनजाति शिक्षा के पूर्णकालिक कार्यकर्ता के रूप में शिक्षा एवं समाज निर्माण के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान।

## विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान की टोली बैठक

जम्मू कश्मीर प्रांत | कटरा विद्यालय

दिनांक : 26 से 28 जून 2026



# विद्या भारती की राष्ट्रीय कौशल बोध मास्टर ट्रेनर्स कार्यशाला

## राष्ट्रीय शिक्षा नीति - 2020 में आमूलचूल परिवर्तन का आधार कौशल है — देशराज शर्मा

**विद्या भारती की राष्ट्रीय मास्टर ट्रेनर्स कार्यशाला का भोपाल में समापन, 75 प्रशिक्षित मास्टर ट्रेनर्स करेंगे विद्यालयों तक कौशल संस्कृति का विस्तार**



भोपाल| राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 एवं एनसीएफ-2023 के आलोक में, एनसीईआरटी के मार्गदर्शन में विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान द्वारा आयोजित तीन दिवसीय "कौशल बोध (वोकेशनल एजुकेशन) मास्टर ट्रेनर्स प्रशिक्षण कार्यशाला" का समापन गुरुवार को पं. सुन्दरलाल शर्मा केंद्रीय व्यावसायिक शिक्षा संस्थान, भोपाल में सम्पन्न हुआ।

समापन सत्र में विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान के संगठन मंत्री श्री गोविन्द चन्द्र महंत जी , सह संगठन मंत्री श्रीराम आरावकार जी , महामंत्री श्री देशराज शर्मा जी तथा पं. सुन्दरलाल शर्मा केंद्रीय व्यावसायिक शिक्षा संस्थान के प्रशिक्षण समन्वयक प्रो. पंकज मेहता जी उपस्थित रहे। देश के 11 क्षेत्रों से चयनित प्रतिनिधियों को इस कार्यशाला के माध्यम से प्रशिक्षित कर लगभग 75 राष्ट्रीय स्तर के मास्टर ट्रेनर्स तैयार किए गए। ये प्रशिक्षित कार्यकर्ता अपने-अपने प्रांतों में प्रांतीय प्रशिक्षण कार्यशालाओं का आयोजन करेंगे तथा विद्यालय स्तर तक कौशल बोध की गतिविधियों को पहुँचाकर विद्यार्थियों में कौशल विकास की संस्कृति का संवर्धन करेंगे।





समापन अवसर पर मुख्य अतिथि श्री देशराज शर्मा जी , महामंत्री, विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 में शिक्षा के क्षेत्र में आमूलचूल परिवर्तन हुआ है और इस परिवर्तन का आधार कौशल है। शिक्षा में इसकी कमी थी, जो अब पूरी होती दिखाई दे रही है।

तीन दिवसीय प्रशिक्षण में प्रतिभागियों ने केवल सैद्धांतिक अध्ययन ही नहीं किया, बल्कि हैंड्स-ऑन एक्टिविटी के माध्यम से प्रत्यक्ष अनुभव प्राप्त किया। कारपेंटर, कुक, इलेक्ट्रीशियन, गार्डनर सहित विभिन्न क्षेत्रों के कर्मयोगियों के साथ संवाद एवं उनके साथ कार्य करते हुए प्रतिभागियों ने 'लर्निंग बाय डूइंग' की अवधारणा को व्यवहार में अनुभव किया।

कार्यशाला में 3D प्रिंटिंग, ब्लॉक प्रिंटिंग, कुकिंग, किचन गार्डन आधारित गतिविधियाँ, कौशल प्रयोगशाला में समूह अभ्यास, प्रस्तुतीकरण तथा विविध जीवनोपयोगी कार्यों के माध्यम से कौशल अधिगम की प्रक्रिया को समझा गया। प्रतिभागियों ने अनुभव किया कि वास्तविक कौशल पुस्तकों से नहीं, बल्कि प्रत्यक्ष कार्य, अभ्यास और अनुभव से विकसित होता है।




कार्यशाला में Life Form, Machine & Material तथा Human Services से संबंधित विभिन्न कार्यक्षेत्रों पर विशेषज्ञों द्वारा मार्गदर्शन दिया गया। प्रतिभागियों को गतिविधि-आधारित शिक्षण, परियोजना कार्य, उद्यमिता, स्थानीय व्यवसायों से जुड़ाव तथा कौशल आधारित मूल्यांकन की जानकारी प्रदान की गई।

जारी...

## पंचपदी अधिगम प्रक्रिया पर आधारित रहा सम्पूर्ण प्रशिक्षण

भोपाल| कार्यशाला में कौशल बोध की भारतीय अवधारणा को अधीति, बोध, अभ्यास, प्रयोग एवं प्रसार की पंचपदी अधिगम प्रक्रिया के माध्यम से प्रस्तुत किया गया। प्रशिक्षण का उद्देश्य विद्यार्थियों में कार्य के प्रति सम्मान, आत्मनिर्भरता तथा जीवनोपयोगी कौशलों का विकास करना रहा।

इस राष्ट्रीय कार्यशाला के माध्यम से तैयार हुए मास्टर ट्रेनर्स आगामी समय में अपने-अपने क्षेत्रों एवं प्रांतों में प्रशिक्षण प्रदान करेंगे। इसके बाद विद्यालय स्तर पर विद्यार्थियों को कौशल आधारित गतिविधियों से जोड़ते हुए कौशल संस्कृति को व्यवहारिक रूप में स्थापित किया जाएगा। इससे राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के उद्देश्यों को गति मिलेगी तथा आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान प्राप्त होगा।




समापन अवसर पर प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए तथा सभी ने अपने-अपने क्षेत्रों में कौशल बोध को प्रभावी रूप से क्रियान्वित करने का संकल्प लिया।

# प्रागज्योतिषपुर विश्वविद्यालय में भारतीय ज्ञान परंपरा एवं राष्ट्र निर्माण पर प्रेरक उद्बोधन

## प्रागज्योतिषपुर विश्वविद्यालय भारतीय ज्ञान परंपरा, संस्कार एवं राष्ट्र निर्माण का केंद्र बनेगा : पूज्य राजेंद्र दास देवाचार्य जी महाराज



गुवाहाटी (असम)। प्रागज्योतिषपुर विश्वविद्यालय में आयोजित आध्यात्मिक एवं शैक्षिक कार्यक्रम में श्री राजेंद्र दास देवाचार्य ने भारतीय ज्ञान परंपरा, संस्कारयुक्त शिक्षा, आत्मकल्याण, विद्यादान, राष्ट्र निर्माण एवं गौसंरक्षण पर प्रेरणादायी उद्बोधन दिया। उन्होंने कहा कि शिक्षा केवल जीविका का साधन नहीं, बल्कि जीवन निर्माण और आत्मविकास का माध्यम है तथा विद्यादान सर्वोच्च दान है।




कार्यक्रम में डॉ. पवन तिवारी ने विश्वविद्यालय का परिचय देते हुए कहा कि यह संस्थान आधुनिक शिक्षा और गुरुकुल परंपरा के समन्वय से संस्कारवान एवं राष्ट्रनिष्ठ युवा तैयार करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि विश्वविद्यालय भविष्य में भारतीय ज्ञान-विज्ञान, संस्कृति और अध्यात्म का प्रमुख केंद्र बनेगा।

इस अवसर पर लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) श्री राणा प्रताप कलिता, श्री स्मृति कुमार सिन्हा, श्री गंगा प्रसाद परसाई, श्री के. एन. रघुनंदन सहित अनेक शिक्षाविद्, प्राध्यापक, विद्यार्थी एवं सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# विद्या भारती की त्रिदिवसीय केंद्रीय टोली बैठक सम्पन्न







जम्मू| भारतीय संस्कृति के शाश्वत मूल्यों पर आधारित राष्ट्रीय शिक्षा के पुनर्निर्माण हेतु समर्पित विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान की केंद्रीय टोली की त्रिदिवसीय बैठक भारतीय शिक्षा समिति जम्मू कश्मीर एवं लद्दाख द्वारा संचालित भारतीय विद्या मंदिर, कटरा में 26 से 28 जून, 2026 तक सफलतापूर्वक संपन्न हुई।

इस उच्च स्तरीय बैठक में डॉ. रविन्द्र कान्हेरे, श्री देशराज शर्मा तथा श्री गोविन्द चन्द्र महंत सहित 11 क्षेत्रों के वरिष्ठ पदाधिकारी एवं केंद्रीय टोली के कुल 33 सदस्यों ने सहभागिता की। बैठक में शिक्षा के मूल चिंतन और उसके व्यावहारिक क्रियान्वयन पर आत्ममंथन किया गया और संगठनात्मक कार्यों की व्यापक समीक्षा की गई और आगामी सत्र की भावी योजनाओं व कार्यक्रमों के क्रियान्वयन पर अंतिम निर्णय लिए गए। बैठक का समापन शांति मंत्र के साथ हुआ।



# नवीन सरस्वती शिशु मंदिर, करकबेल का भव्य शुभारंभ

करकबेल| करकबेल में सरस्वती शिशु मंदिर के पुनर्निर्मित भव्य भवन में माँ सरस्वती का पूजन एवं नवागत छात्रों का मुंह मीठा कर हुआ शुभारंभ। इस कार्यक्रम में मणिनागेन्द्र सिंह फॉउंडेशन के महासचिव इंजी. सरदार सिंह जी के मुख्यातिथ्य व गोटेगांव के लोकप्रिय विधायक श्री महेंद्र नागेश  जी की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ।






# विद्या भारती अखिल भारतीय खेल परिषद् की बैठक




भोपाल। विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान की तीन दिवसीय अखिल भारतीय आवासीय विद्यालय बैठक का आयोजन 19-20-21 जून2026 को शारदा विहार भोपाल में हुआ। बैठक में देशभर के 23 प्रांतों से 33 आवासीय विद्यालयों का प्रतिनिधित्व करते हुए 50 प्रतिभागियों ने भाग लिया। बैठक में 14 विभिन्न सत्रों के माध्यम से आवासीय विद्यालयों की कार्यपद्धति, संगठनात्मक सुदृढ़ीकरण तथा भविष्य की योजनाओं पर व्यापक मंथन किया गया।

समापन सत्र में प्रबंधक वर्ग से श्री शिवेन्द्र जी, प्रधानाचार्य श्री दीपक ठाकुर जी, छात्रावास प्रमुख श्री अभिनव सोनैल जी, क्षेत्रीय संयोजक श्री प्रेम सिंह शेखावत जी तथा गुजरात की प्रधानाचार्या श्रीमती कान्ता बेन गोघेरा ने अपने अनुभव साझा किए। अखिल भारतीय महामंत्री श्री देशराज शर्मा जी ने बैठक की समीक्षा करते हुए कहा कि विचार-विमर्श के साथ प्रभावी क्रियान्वयन पर विशेष बल देते हुवे योजनाओं को धरातल पर उतारना ही सफलता का आधार है।

समापन में अखिल भारतीय संगठन मंत्री श्री गोविन्द चन्द्र महंत जी ने कहा कि विद्या भारती के आवासीय विद्यालय राष्ट्र निर्माण, चरित्र निर्माण और संस्कारयुक्त शिक्षा के सशक्त केंद्र हैं। आपने आह्वान किया कि सभी विद्यालयों को आदर्श विद्यालय बनाने के लिए व्यवस्थाओं का सतत उन्नयन, कार्यकर्ताओं का निरंतर प्रशिक्षण तथा राष्ट्रभक्ति और भारतीय जीवन मूल्यों पर आधारित शिक्षा को और सुदृढ़ किया जाए।

बैठक में विद्या भारती की हीरक जयंती वर्ष की तैयारियों, सैनिक विद्यालयों, पूर्व छात्र सहभागिता, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी, पंच परिवर्तन आधारित कार्ययोजना तथा राष्ट्रभाव जागरण जैसे विषयों पर भी विस्तृत चर्चा हुई। साथ ही विद्यालयों की प्रेरक उपलब्धियों के व्यापक प्रचार-प्रसार और संगठनात्मक कार्यों को अंतिम स्तर तक प्रभावी ढंग से पहुँचाने का संकल्प व्यक्त किया गया।



# बृहत स्वच्छता अभियान से स्वच्छता का दिया संदेश






माचोग (सिक्किम)। विद्या भारती सिक्किम द्वारा संचालित सरस्वती विद्या निकेतन, माचोग में विद्यालय परिसर में बृहत स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस अवसर पर विद्यालय समिति, अभिभावकों एवं आचार्य वर्ग ने मिलकर परिसर की सफाई, सौंदर्यीकरण एवं स्वच्छता जागरूकता गतिविधियों में सक्रिय सहभागिता की।

अभियान का उद्देश्य विद्यालय परिसर को स्वच्छ, सुंदर एवं स्वास्थ्यप्रद बनाना तथा विद्यार्थियों और स्थानीय समुदाय में स्वच्छता के प्रति जिम्मेदारी की भावना विकसित करना रहा। कार्यक्रम में कहा गया कि स्वच्छता स्वस्थ समाज और सशक्त राष्ट्र निर्माण की आधारशिला है। अभियान का समापन "स्वच्छता ही सेवा है, स्वच्छता राष्ट्र निर्माण है" के संदेश के साथ हुआ।

# आदर्श आवासीय विद्यालय निर्माण पर विद्या भारती का मंथन




भोपाल। विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान की तीन दिवसीय अखिल भारतीय आवासीय विद्यालय बैठक का समापन 21 जून को हुआ। समापन सत्र में देशभर के 33 आवासीय विद्यालयों का प्रतिनिधित्व करते हुए 50 प्रतिभागियों ने भाग लिया। बैठक में 14 विभिन्न सत्रों के माध्यम से आवासीय विद्यालयों की कार्यपद्धति, संगठनात्मक सुदृढ़ीकरण तथा भविष्य की योजनाओं पर व्यापक मंथन किया गया।

समापन सत्र में प्रबंधक वर्ग से श्री शिवेन्द्र जी, प्रधानाचार्य श्री दीपक ठाकुर जी, छात्रावास प्रमुख श्री अभिनव सोनैल जी, क्षेत्रीय संयोजक श्री प्रेम सिंह शेखावत जी तथा गुजरात की प्रधानाचार्या श्रीमती कान्ता बेन गोघेरा ने अपने अनुभव साझा किए।

अखिल भारतीय महामंत्री श्री देशराज शर्मा जी ने बैठक की समीक्षा करते हुए बताया कि अपेक्षित 54 में से 50 प्रतिभागियों की उपस्थिति रही तथा सभी क्षेत्रों और प्रांतों का प्रतिनिधित्व सुनिश्चित हुआ। उन्होंने विचार-विमर्श के साथ प्रभावी क्रियान्वयन पर विशेष बल देते हुए कहा कि योजनाओं को धरातल पर उतारना ही सफलता का आधार है।

समापन सत्र के पाथेय में अखिल भारतीय संगठन मंत्री श्री गोविन्द चन्द्र महंत जी ने कहा कि विद्या भारती के आवासीय विद्यालय राष्ट्र निर्माण, चरित्र निर्माण और संस्कारयुक्त शिक्षा के सशक्त केंद्र हैं। उन्होंने आह्वान किया कि सभी विद्यालयों को आदर्श विद्यालय बनाने के लिए व्यवस्थाओं का सतत उन्नयन, कार्यकर्ताओं का निरंतर प्रशिक्षण तथा राष्ट्रभक्ति और भारतीय जीवन मूल्यों पर आधारित शिक्षा को और सुदृढ़ किया जाए।

बैठक में विद्या भारती की हीरक जयंती वर्ष की तैयारियों, सैनिक विद्यालयों, पूर्व छात्र सहभागिता, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी, पाँच परिवर्तन आधारित कार्ययोजना तथा राष्ट्रभाव जागरण जैसे विषयों पर भी विस्तृत चर्चा हुई। साथ ही विद्यालयों की प्रेरक उपलब्धियों के व्यापक प्रचार-प्रसार और संगठनात्मक कार्यों को अंतिम स्तर तक प्रभावी ढंग से पहुँचाने का संकल्प व्यक्त किया गया।





# विद्या भारती सिक्किम के संस्कार केंद्रों में योग एवं सामाजिक जागरूकता की प्रेरणादायी पहल









# अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस

**सरस्वती विद्या मंदिर उच्चतर माध्यमिक आवासीय विद्यालय, शारदा विहार, भोपाल में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर योगाभ्यास एवं स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों एवं आचार्यों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए योग को अपने दैनिक जीवन का अभिन्न अंग बनाने का संकल्प लिया।**

**इस अवसर पर मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में —**

**मा. देशराज जी शर्मा (महामंत्री, विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान)**
**मा. गोबिंद चंद्र मंहत जी (संगठन मंत्री, विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान)**
**मा. श्री राम आरावकर जी (सह संगठन मंत्री, विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान)**
**की गरिमामयी उपस्थिति एवं प्रेरक मार्गदर्शन प्राप्त हुआ।**

**“योगः कर्मसु कौशलम्, योगः जीवनस्य साधनम्।”**

**योग के माध्यम से स्वस्थ शरीर, निर्मल मन एवं सशक्त राष्ट्र निर्माण का संदेश प्रदान किया गया।**





















**विद्या भारती के देशभर के विद्यालयों में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 2026 उत्साह एवं श्रद्धा के साथ मनाया गया। इस अवसर पर लाखों छात्र-छात्राओं ने योगाभ्यास, प्राणायाम एवं ध्यान सत्रों में भाग लेकर स्वस्थ, संतुलित एवं अनुशासित जीवन का संकल्प लिया।**

# विद्या भारती पूर्व छात्र परिषद् के रक्तवीरों ने किया 35 यूनिट स्वैच्छिक रक्तदान

सिवान। विद्या भारती पूर्व छात्र परिषद् के तत्वावधान में महावीरी सरस्वती विद्या मंदिर, विजयहाता में आयोजित स्वैच्छिक रक्तदान शिविर में 35 यूनिट रक्त संग्रह किया गया। यह शिविर भारत विकास परिषद्, देशरत्न शाखा एवं प्रभा कम्पोनेन्ट ब्लड सेंटर के सहयोग से संपन्न हुआ।

शिविर में कुल 75 लोगों ने सहभागिता की, जिनमें से 35 रक्तवीरों ने स्वैच्छिक रूप से रक्तदान कर मानव सेवा का प्रेरणादायी उदाहरण प्रस्तुत किया। इस अवसर पर वक्ताओं ने रक्तदान को “महादान” बताते हुए युवाओं से नियमित रक्तदान हेतु आगे आने का आह्वान किया।

कार्यक्रम में विद्या भारती, पूर्व छात्र परिषद् तथा सहयोगी संस्थाओं के पदाधिकारियों ने सहभागिता कर सभी रक्तदाताओं एवं स्वयंसेवकों का सम्मान एवं आभार व्यक्त किया।













**पूर्व छात्र पंजीयन एवं संपर्क अभियान प्रारंभ हो चुका है। जिन पूर्व छात्रों का पंजीकरण अभी तक नहीं हुआ है, वे कृपया नीचे दिए गए लिंक के माध्यम से अपना पंजीकरण अवश्य करें।**

https://www.vidyabharatialumni.org/user/signup.dz



# राज्यपाल द्वारा मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान, विद्या भारती के 13 छात्र टॉप-10 में



कोलकाता (पश्चिम बंगाल)। पश्चिम बंगाल माध्यमिक परीक्षा परिणाम 2026 में राज्य के टॉप-10 रैंक प्राप्त करने वाले 134 मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान कोलकाता स्थित लोक भवन में आयोजित विशेष समारोह में किया गया। इस अवसर पर पश्चिम बंगाल के माननीय राज्यपाल श्री आर. एन. रवि मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

विद्या भारती परिवार के लिए यह अत्यंत गौरव का विषय रहा कि राज्य के टॉप-10 रैंकधारियों में विद्या भारती के 13 विद्यार्थियों ने स्थान प्राप्त किया। विशेष उल्लेखनीय उपलब्धि शारदा विद्या मंदिर (बांग्ला माध्यम), सुदर्शनपुर, रायगंज (उत्तर दिनाजपुर) के छात्र की रही, जिसने पूरे पश्चिम बंगाल में प्रथम स्थान प्राप्त किया।

# मेधावी छात्र सम्मान वर्ग




कुरुक्षेत्र। विद्या भारती हरियाणा द्वारा आयोजित प्रांतीय मेधावी छात्र कार्यशाला में श्री देशराज शर्मा जी ने कहा कि केवल अधिक अंक प्राप्त करना ही मेधावी होने की पहचान नहीं है। उन्होंने आत्म-अध्ययन, कठोर परिश्रम, निरंतर अभ्यास और छोटे-छोटे प्रयासों से आत्मविश्वास विकसित करने पर बल देते हुए विद्यार्थियों को प्रत्येक विषय में रुचि विकसित करने की प्रेरणा दी।

मुख्य अतिथि अनुभव मेहता ने विद्यार्थियों को पुरुषार्थ के साथ ईश्वर पर अटूट विश्वास रखने का संदेश दिया तथा छात्र जीवन के प्रेरक अनुभव साझा किए। कार्यक्रम विजय नड्डा जी एवं दिलाराम चौहान जी के सान्निध्य में आयोजित हुआ, जिसकी अध्यक्षता चेतराम शर्मा जी ने की। इस अवसर पर अनेक पदाधिकारी, शिक्षाविद् एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



# अंक नहीं, आत्मविश्वास और निरंतर प्रयास बनाते हैं मेधावी

शिमला। विद्या भारती हिमाचल प्रदेश की ओर से “मेधावी छात्र सम्मान वर्ग-2026” का आयोजन सरस्वती विद्या मन्दिर हिम रश्मि परिसर, विकासनगर में किया गया। उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि पूर्व मुख्यमंत्री व नेता प्रतिपक्ष श्री जयराम ठाकुर जी और मुख्य वक्ता विद्या भारती के राष्ट्रीय महामंत्री श्री देशराज शर्मा जी रहे। इस अवसर पर देशराज शर्मा जी ने कहा कि विद्या भारती शिक्षा के साथ भारतीय संस्कृति, सनातन मूल्यों एवं नैतिक शिक्षा के माध्यम से विद्यार्थियों के चरित्र निर्माण



जारी...

कार्यक्रम में हिमाचल प्रदेश के 8 जिलों के 31 सरस्वती विद्या मंदिरों से आए विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 113 मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया।





# आचार्य विकास एवं पुनश्चर्या वर्ग

## कठोपनिषद् और शिक्षा मनोविज्ञान के समन्वय से आधुनिक शिक्षण संभव: अवनीश भटनागर





कुरुक्षेत्र। श्रीमद्भगवद्गीता वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में आयोजित आचार्य विकास एवं पुनश्चर्या वर्ग में विद्या भारती के उपाध्यक्ष श्री अवनीश भटनागर जी ने कहा कि शिक्षा केवल किताबी ज्ञान नहीं, बल्कि विद्यार्थी की जिज्ञासा को जाग्रत करने की प्रक्रिया है। शिक्षा दर्शन, शिक्षा मनोविज्ञान और शिक्षण शास्त्र को शिक्षा के तीन आधार स्तंभ बताते हुए कहा कि भारतीय ज्ञान परंपरा आधुनिक शिक्षण को नई दिशा प्रदान कर सकती है।

उन्होंने पंचकोश विकास, पंचमहाभूतों और इंद्रियों के समन्वय को समग्र शिक्षा का आधार बताया। कठोपनिषद् के उदाहरण से मन को स्क्रीन, चित्त को हार्डडिस्क, बुद्धि को निर्णयकर्ता और आत्म-नियंत्रण को लगाम बताते हुए कहा कि मन पर बुद्धि का नियंत्रण ही वास्तविक शिक्षा मनोविज्ञान है। उन्होंने शिक्षकों से इस दृष्टिकोण को कक्षा शिक्षण में अपनाने का आह्वान किया।

# प्रांतीय पूर्णकालिक कार्यकर्ता बैठक में संगठन सुदृढ़ीकरण पर मंथन





भोपाल। विद्या भारती मध्यभारत प्रांत की प्रांतीय पूर्णकालिक कार्यकर्ता बैठक सरस्वती विद्या प्रतिष्ठान 'प्रज्ञादीप' में संपन्न हुआ। उद्घाटन सत्र में श्री मोहनलाल गुप्ता, श्री बनवारीलाल सक्सेना, श्री निखिलेश महेश्वरी एवं श्री देवकीनंदन चौरसिया उपस्थित रहे।

बैठक की भूमिका डॉ. रामकुमार भावसार ने रखी। श्री देवकीनंदन चौरसिया ने प्रशिक्षण, संगठन, संस्कार एवं राष्ट्र निर्माण में पूर्णकालिक कार्यकर्ताओं की महत्वपूर्ण भूमिका पर मार्गदर्शन दिया। बैठक में सभी कार्यकर्ताओं ने संगठन के आगामी कार्यों को अधिक प्रभावी, सशक्त एवं गतिशील बनाने का संकल्प लिया।

# सीबीएसई आचार्य प्रशिक्षण वर्ग के समापन समारोह में साइना नेहवाल जी ने किया प्रेरित

हैदराबाद। विद्या भारती दक्षिण मध्य क्षेत्र समिति द्वारा श्री विद्यारण्य इंटरनेशनल स्कूल में आयोजित सीबीएसई आचार्य प्रशिक्षण वर्ग के समापन समारोह में साइना नेहवाल जी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुईं।

ओलंपिक कांस्य पदक विजेता एवं पूर्व विश्व नंबर-1 बैडमिंटन खिलाड़ी साइना नेहवाल जी ने अपने प्रेरणादायी संबोधन में अनुशासन, दृढ़ता, आत्मविश्वास और उत्कृष्टता की निरंतर साधना को सफलता का आधार बताया। उन्होंने अपने खेल जीवन के अनुभव साझा करते हुए आचार्यों को समर्पण, संस्कार और मूल्यों के साथ नई पीढ़ी के निर्माण हेतु प्रेरित किया। कार्यक्रम में उनकी प्रेरक बातचीत ने उपस्थित आचार्यों का उत्साहवर्धन किया।






झलकियाँ...

## विद्या भारती नवचयनित आचार्य प्रशिक्षण वर्ग























# विद्या भारती उत्तर क्षेत्र के अन्तर्गत वी. बी. एजुकेशनल ट्रस्ट कुरुक्षेत्र द्वारा ऑनलाइन पुस्तक सेवा प्रारम्भ।




## पूर्व छात्र खेमाराम कुमावत जी को अश्रुपूर्ण श्रद्धांजलि

## ॐ शांति शांति शांति






# X कक्षा बोर्ड परीक्षा परिणाम – 2026

## शीर्ष तीन रैंक धारक मेधावी छात्र

| राज्य | X कक्षा | स्कूल का नाम | छात्र का नाम | बोर्ड का नाम | अंक प्राप्त |
|---|---|---|---|---|---|
| उत्तरबंग | प्रथम स्थान | शारदा विद्यामंदिर उच्च विद्यालय, रायगंज | अभिरूप भट्ट | पश्चिम बंगाल बोर्ड | 698 |
| | द्वितीय स्थान | सरोजिनी देवी एसवीएम बीरभूम, पश्चिम बंगाल | प्रियतोष मुखोपाध्याय | पश्चिम बंगाल बोर्ड | 696 |
| असम | प्रथम स्थान | शंकरदेव शिशु निकेतन, पथरकुची | ज्योतिर्मय दास | असम बोर्ड | 591 |
| मेरठ | प्रथम स्थान | डॉ. देवेन्द्र पाल सरस्वती शिशु/विद्या मंदिर, बिलारी (मुरादाबाद) | शिखा दक्ष | उत्तर प्रदेश | 581 |
| | द्वितीय स्थान | राजेश कुमार सरस्वती विद्या मंदिर, चन्दौसी (सम्भल) | नितेश कुमार | उत्तर प्रदेश | 574 |
| | तृतीय स्थान | डॉ. देवेन्द्र पाल सरस्वती शिशु/विद्या मंदिर, बिलारी (मुरादाबाद) | इंद्र प्रताप | उत्तर प्रदेश | 572 |
| | प्रथम स्थान | कुसुम देवी डॉ. संतोष सरस्वती विद्या मंदिर, राजनगर, गाज़ियाबाद | जिगिशा सिंह | सी.बी.एस.ई. | 98.80% |
| | द्वितीय स्थान | सरस्वती विद्या मंदिर, सीनीयर नगर, हापुड़ | कार्तिकेय त्यागी | सी.बी.एस.ई. | 98.20% |
| | तृतीय स्थान | प्रेमवती कुंजलता सरस्वती विद्या मंदिर, गौतमबुध नगर | यशराज | सी.बी.एस.ई. | 98% |
| ओडिशा | प्रथम स्थान | सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, बारीपदा | पार्थसारथी मोहंता | ओडिशा बोर्ड | 588 |
| | | सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, सोरा | असुतोष नायक | ओडिशा बोर्ड | 588 |
| | द्वितीय स्थान | सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, जलेश्वर | अनिकेत पात्रा | ओडिशा बोर्ड | 586 |
| | तृतीय स्थान | सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, नीलकंठ नगर | सुमित कुमार दास | ओडिशा बोर्ड | 582 |
| | | सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, नीलकंठ नगर | अंकिता साहू | ओडिशा बोर्ड | 582 |
| | | सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, नीलगिरी | आयुष्मान दास | ओडिशा बोर्ड | 582 |
| छत्तीसगढ़ | द्वितीय स्थान | मुंगेली छत्तीसगढ़ | नंदिता देवांगन | छत्तीसगढ़ | 593 |
| | तृतीय स्थान | नन्द विहार महाकौशल | अवनीश कुमार | छत्तीसगढ़ | 497 |
| | | मुंगेली छत्तीसगढ़ | अनन्या वर्मा | छत्तीसगढ़ | 497 |
| दक्षिण बिहार | प्रथम स्थान | पू. उ. म. स. वि. मंदिर, राजगीर | आकर्ष गुप्ता | सी.बी.एस.ई. | 490 |
| | द्वितीय स्थान | द. प. स. वि. मंदिर, गायत्री | साध्वी कुमारी | सी.बी.एस.ई. | 486 |
| | तृतीय स्थान | च. स. स. वि. मंदिर, जगतपुर, बांका | आर्यन कुमार साह | सी.बी.एस.ई. | 486 |
| उत्तर बिहार | प्रथम स्थान | महावीरी सरस्वती विद्या मंदिर, विजयहाता, गोशाला रोड, सीवान | श्रुति कुमारी | सी.बी.एस.ई. | 97.20% |
| | द्वितीय स्थान | सरस्वती विद्या मंदिर, सिंघेश्वर नगर, बिहारीगंज, मधेपुरा | हर्ष कुमार | सी.बी.एस.ई. | 97.00% |
| | तृतीय स्थान | महावीरी सरस्वती विद्या मंदिर, विजयहाता, गोशाला रोड, सीवान | जान्वी कुमारी | सी.बी.एस.ई. | 96.60% |
| झारखंड | प्रथम स्थान | सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, राजामैशी, रांची | प्रीत राज | झारखण्ड बोर्ड | 494 |
| | द्वितीय स्थान | शीला अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर, लोहरदगा | कशिश कुमारी | झारखण्ड बोर्ड | 490 |
| | तृतीय स्थान | रणजीत नारायण सिंह सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, कुरुदा, सिमडेगा | सोनी लकड़ा | झारखण्ड बोर्ड | 490 |
| | प्रथम स्थान | राजकमल सरस्वती विद्या मंदिर, धनबाद | मो रेहान फजल | सी.बी.एस.ई. | 490 |
| | द्वितीय स्थान | राजकमल सरस्वती विद्या मंदिर, धनबाद | अंकित कुमार | सी.बी.एस.ई. | 488 |
| | तृतीय स्थान | राजकमल सरस्वती विद्या मंदिर, धनबाद | रिद्धिमा सिंह | सी.बी.एस.ई. | 488 |
| उत्तराखण्ड | प्रथम स्थान | सरस्वती शिशु मंदिर इ.का., बागेश्वर | गीतिका पंत | उत्तराखण्ड बोर्ड | 490 |
| | द्वितीय स्थान | सरस्वती विद्या मंदिर इ.का. आ.वि. ऋषिकेश, देहरादून | आर्यन | उत्तराखण्ड बोर्ड | 489 |
| | तृतीय स्थान | सरस्वती विद्या मंदिर इ.का., मायापुर, हरिद्वार | वंशिका | उत्तराखण्ड बोर्ड | 485 |
| राजस्थान | प्रथम स्थान | आदर्श विद्या मंदिर माध्यमिक, मनोहरथाना, झालावाड़ | कनिका शर्मा | राजस्थान बोर्ड | 594 |
| | द्वितीय स्थान | आदर्श विद्या मंदिर उच्च माध्यमिक, कोटड़ी, भीलवाड़ा | शिवराज आचार्य | राजस्थान बोर्ड | 590 |
| | तृतीय स्थान | आदर्श विद्या मंदिर उच्च माध्यमिक, ब्यावर, अजमेर | संकल्प दाधी | राजस्थान बोर्ड | 589 |
| जम्मू | द्वितीय स्थान | सरस्वती शिशु विद्या मंदिर | पार्थ आर्यन | राज्य बोर्ड | 494 |
| | तृतीय स्थान | सरस्वती शिशु विद्या मंदिर | पियूष सिंह ठाकुर | सी.बी.एस.ई. | 490 |
| हरियाणा | प्रथम स्थान | सरस्वती शिशु विद्या मंदिर | मनस्वी | सी.बी.एस.ई. | 495 |
| | प्रथम स्थान | सरस्वती शिशु विद्या मंदिर | तन्वी यादव | सी.बी.एस.ई. | 495 |
| | द्वितीय स्थान | सरस्वती शिशु विद्या मंदिर | विनीता | राज्य बोर्ड | 494 |
| | तृतीय स्थान | सरस्वती शिशु विद्या मंदिर | दीपांशु | सी.बी.एस.ई. | 492 |

# XII कक्षा बोर्ड परीक्षा परिणाम – 2026

## शीर्ष तीन रैंक धारक मेधावी छात्र

| राज्य | स्थान | स्कूल का नाम | छात्र का नाम | बोर्ड का नाम | अंक प्राप्त |
|---|---|---|---|---|---|
| मेरठ | प्रथम | श्रीमती ब्रह्मदेवी बालिका सरस्वती विद्या मंदिर, हापुड़ | श्रेया कंसल | सी.बी.एस.ई. | 99% |
| | द्वितीय | दुर्गावती देवीराज टोड . विद्या मं, नेहरूनगर, गाज़ियाबाद | सुमन वर्मा | सी.बी.एस.ई. | 97.80% |
| | तृतीय | स्वामी विवेकानन्द सरस्वती विद्या मंदिर, साहिबाबाद | मुस्कान | सी.बी.एस.ई. | 97.60% |
| | प्रथम | डॉ. देवेन्द्र पाल सरस्वती शिशु/विद्या मंदिर, बिलारी (मुरादाबाद) | जाह्नवी | उत्तर प्रदेश बोर्ड | 472 |
| | द्वितीय | डॉ. देवेन्द्र पाल सरस्वती शिशु/विद्या मंदिर, बिलारी (मुरादाबाद) | कोशिका | उत्तर प्रदेश बोर्ड | 467 |
| | तृतीय | जगदीश शरण सरस्वती शिशु मंदिर, हनुमान गढ़ी, चन्दौसी | अपूर्वा | उत्तर प्रदेश बोर्ड | 464 |
| छत्तीसगढ | प्रथम | पलारी छत्तीसगढ़ | जिज्ञासु वर्मा | छत्तीसगढ़ बोर्ड | 493 |
| दक्षिण बिहार | प्रथम | स. वि. मंदिर,पुरानीगंज, मुंगेर | हर्ष राज हर्षित | सी.बी.एस.ई. | 483 |
| | द्वितीय | स. वि. मंदिर, अहीरोली, बक्सर | अभिषेक कुमार | सी.बी.एस.ई. | 480 |
| | तृतीय | बा. रा. रा. वि. मंदिर, भागलपुर | आनंद कुमार | सी.बी.एस.ई. | 477 |
| उत्तर बिहार | प्रथम | श्रीरानी सरस्वती विद्या मंदिर, फारबिसगंज, अररिया | विशाल देव | सी.बी.एस.ई. | 95.20% |
| | द्वितीय | महावीरी सरस्वती विद्या मंदिर, विजयहाता, गोशाला रोड, सीवान | अंविका गुप्ता | सी.बी.एस.ई. | 92.20% |
| | तृतीय | श्रीरानी सरस्वती विद्या मंदिर, फारबिसगंज, अररिया | नृतिका नयन | सी.बी.एस.ई. | 92.20% |
| झारखंड | प्रथम | राजकमल सरस्वती विद्या मंदिर, धनबाद | मानसी | सी.बी.एस.ई. | 483 |
| | द्वितीय | राजकमल सरस्वती विद्या मंदिर, धनबाद | शोर्य कुमार गुप्ता | सी.बी.एस.ई. | 478 |
| | तृतीय | सरस्वती विद्या मंदिर उच्च विद्यालय, गुमला | अभिषेक कुमार | सी.बी.एस.ई. | 477 |
| | प्रथम | राजकमल सरस्वती विद्या मंदिर, धनबाद | यशिका अग्रवाल | सी.बी.एस.ई. | 485 |
| | द्वितीय | सरस्वती शिशु मंदिर, कतरास, धनबाद | रिषिका कुमारी | सी.बी.एस.ई. | 482 |
| | तृतीय | राजकमल सरस्वती विद्या मंदिर, धनबाद | शांभवी सिंह | सी.बी.एस.ई. | 479 |
| | प्रथम | राजकमल सरस्वती विद्या मंदिर, धनबाद | सृष्टि कुमारी | सी.बी.एस.ई. | 490 |
| | द्वितीय | राजकमल सरस्वती विद्या मंदिर, धनबाद | अंशिका कुमारी | सी.बी.एस.ई. | 489 |
| | तृतीय | राजकमल सरस्वती विद्या मंदिर, धनबाद | ईशा कु. गुप्ता | सी.बी.एस.ई. | 488 |
| | प्रथम | एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय, बरियातु, गुमला | बादल मुंडा | झारखंड बोर्ड | 422 |
| | द्वितीय | मनोहर लाल अग्रवाल स विद्या मं, इंटर कॉलेज, लोहरदगा | कुमारी अंतरा | झारखंड बोर्ड | 421 |
| | तृतीय | मनोहर लाल अग्रवाल स विद्या मं, इंटर कॉलेज, लोहरदगा | हेमा कुमारी | झारखंड बोर्ड | 412 |
| | प्रथम | मनोहर लाल अग्रवाल स विद्या मं, इंटर कॉलेज, लोहरदगा | अमित उराँव | झारखंड बोर्ड | 451 |
| | द्वितीय | मनोहर लाल अग्रवाल स विद्या मं, इंटर कॉलेज, लोहरदगा | नुसरत जहाँ | झारखंड बोर्ड | 449 |
| | तृतीय | मनोहर लाल अग्रवाल स विद्या मं, इंटर कॉलेज, लोहरदगा | अनुराधा कुमारी | झारखंड बोर्ड | 434 |
| उत्तराखण्ड | प्रथम | सरस्वती विद्या मंदिर इ.का., चिन्यालीसौड़, उत्तरकाशी | ईशान कोठारी | उत्तराखण्ड बोर्ड | 490 |
| | द्वितीय | विवेकानन्द विद्या मंदिर इ.का., मण्डलसेरा, बागेश्वर | योगेश जोशी | उत्तराखण्ड बोर्ड | 489 |
| राजस्थान | प्रथम | शहीदअविनाश महेश्वरी आ. विद्या नि. उ। मा, अजमेर | गौरव कुमार | राजस्थान बोर्ड | 487 |
| राजस्थान | द्वितीय | आदर्श विद्या मंदिर उच्च माध्यमिक, रामगंजमण्डी, कोटा | मुस्कान | राजस्थान बोर्ड | 479 |
| राजस्थान | तृतीय | विद्या निकेतन उच्च माध्यमिक, छोटीसादड़ी, प्रतापगढ़ | हर्षिता शर्मा | राजस्थान बोर्ड | 473 |

# उपलब्धियां



## रक्षा सेवा में लेफ्टिनेंट बने विद्या भारती के पूर्व छात्र

अरितार, सिक्किम: सरस्वती विद्या निकेतन, अरितार के पूर्व छात्र मास्टर सचितानंद बिस्वकर्मा ने एनडीए प्रशिक्षण सफलतापूर्वक पूर्ण कर रक्षा सेवा में लेफ्टिनेंट के रूप में नियुक्त होकर विद्यालय, परिवार एवं क्षेत्र का गौरव बढ़ाया है।

## विद्या भारती के पूर्व छात्र डॉ. सुधांशु शेखर त्रिपाठी को 'मेडिकल एक्सीलेंस अवार्ड 2026'

विद्या भारती विद्यालय के पूर्व छात्र एवं दयानंद आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज, सिवान के प्राचार्य डॉ सुधांशु शेखर त्रिपाठी को आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति के माध्यम से स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए एचटी डिजिटल स्ट्रीम्स लिमिटेड द्वारा आयोजित "मेडिकल एक्सीलेंस अवार्ड 2026" से सम्मानित किया गया।




## एनसीसी कैडेट्स ने खेल प्रतियोगिताओं में लहराया परचम



अंबाला। विद्यालय के 24 एनसीसी कैडेट्स ने 2 हरियाणा एनसीसी बटालियन, अंबाला के मार्गदर्शन में 1 से 10 जून 2026 तक दीनारपुर में आयोजित CATC-127 शिविर में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया। कैडेट्स ने "एकता और अनुशासन" की भावना का परिचय देते हुए खो-खो प्रतियोगिता में प्रथम, वॉलीबॉल में तृतीय तथा ड्रिल प्रतियोगिता में चतुर्थ स्थान प्राप्त किया।

## श्री मुख्तेज सिंह बदेशा एशियन स्कूल स्पोर्ट्स फेडरेशन के सदस्य निर्वाचित

विद्या भारती के अखिल भारतीय खेलकूद संयोजक श्री मुख्तेज सिंह बदेशा को एशियन स्कूल स्पोर्ट्स फेडरेशन का सदस्य निर्वाचित किया गया है।




**विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान**

प्रज्ञा सदन -जी.एल.टी. सरस्वती बाल मंदिर परिसर, नेहरू नगर, महात्मा गांधी मार्ग, नई दिल्ली - 110065

www.vidyabharti.net I www.vidyabharatisamvad.com
Email : vbabss@yahoo.com I vbsamvad@gmail.com
Contact Us : 91 - 11 -29840013, 29840126, 20886126

@VidyaBharatiIN